## एक नजर में

### जनसुनवाई में आए 12 आवेदन

**पिपरिया** मंगलवार को जनसुनवाई में 12 आवेदन आये। एसडीएम ने आवेदनो को संबंधित विभागो में भेज शीघ्र निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में दीपक बोहरे बनखेडी ने धान उपार्जन में सेवा समिति द्वारा गलत भुगतान किये जाने के संबंध में,सांवरिया कालोनी बीजनवाडा के मुकेश सराठे व अन्य निवासियों द्वारा कालोनाईजर द्वारा अतिआवश्यक मूलभूत सुविधाये नही देने,कोमल अहिरवार खापरखेडा ने नक्शा दुरूस्ति हेतु भगवानसिंह अहिरवार हथवांस ने मातापिता को असहाय करके प्रताडित करने,राजेश पटेल सिगोडी ने नक्शा दुरूस्ति पर कोई कार्रवाही नही होने,चरणसिंह पटेल ने खैरीखुर्द की भूमि के बटाकंन पर आपत्ति,राहुल कुशवाहा तरोनकला ने पट्टा बनवाने,सुरेश रावत समनापुर ने फौतीनामा में त्रुटि सुधार,मंजूबाई यादव हम्माली मौहल्ला ने बटवारा आवेदन को विधि विरूद्ध निरस्त करने, अनूप जायसवाल इतवारा बाजार ने घर के सामने की रोड बनवाने,हरगोविंद रघुवंशी खिडिया ने गलत नाम दर्ज होने के आवेदन दिये जिन्हे एसडीएम ने संबंधित विभागो को भेज निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने आदेश दिये।

### स्व.नरेन्द्रसिंह पटेल गलचा वालो की स्मृति में भजन प्रतियोगिता हुई

गुर्जर समाज के गौरव एवं प्रेरणा स्तंभ स्व.नरेन्द्रसिंह पटेल मंझले साहब गलचा वालो की पुण्य स्मृति में विशाल भजन प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार रात्रि से प्रारंभ हुआ जिसमें 13 भजन मंडलो ने भाग लिया। पचमढी रोड शिवानी मैरिज गार्डन के सामने मनोहरलाल बैंकर सहित सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में सोमवार रात्रि 8 बजे से भजन प्रतियोगिता शुरू हुई जिसमें श्याम मंडल नगतराखापा,महावीर मंडल सोयत,सरस्वती भजन मंडल चुना हजूरी बैतूल,श्रीराम मंडल मछवाई, महावीर मंडल सर्रालांझी,हरिभजन मंडल रढाल, नागर भजन मंडल दीपाखेडा, रामकृष्णमंडल उमरखेडी, माँ वैष्णादेवी भजनमंडल सिगोडी, ठाकुर भजन मंडल ढाबाकला,श्याम भजन मंडल मोकलवाडा,नवज्योति भजन मंडल आदि थे.

# नहर में गिरा ऑटो, युवक लापता

## कन्हैया की मां का आरोप  कि उसके बेटे का शव नहर में ऑटो के नीचे दबा



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 21 जनवरी** पथरोटा नहर में बीती रात रहस्य तरीके से एक ऑटो गिरकर गया। जिसे बाद में पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से ऑटो को बाहर निकाला। ऑटो के साथ एक युवक के डूबने की चर्चा जोरो पर है लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की।

**क्या है मामला** - पथरोटा स्थित बड़ी नहर मैं बुधवार सुबह एक ऑटो पड़ा देखा हड़कंप मच गया। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी मामले की जानकारी लगते ही सिटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने जब स्थानीय लोगों से जानकारी ली तो पता चला कि ऑटो बीती रात नहर में गिरा था। इसी बीच पुरानी इटारसी तवा कॉलोनी में रहने वाली एक महिला मौके पर पहुंच गई और उसने ऑटो के साथ उसके पुत्र का शव पड़ा होने की जानकारी दी। महिला अनुसार पुरानी इटारसी तवा कॉलोनी निवासी कन्हैया कहार बीती रात अपने दोस्त ऋतिक यादव, सुनीता यादव और निखिल के साथ ऑटो से मंगलवार रात घूमने जाने की कहकर निकला था लेकिन वापस लौट कर नहीं आया। कन्हैया की मां का आरोप था कि उसके बेटे का शव नहर में ऑटो के नीचे दवा हुआ है। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बीती रात लगभग 11 बजे एक ऑटो नहर में गिरा था जिसमें एक महिला भी सवार थी लोगों की मदद से महिला को बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने एनडीआरएफ टीम की मदद से क्रेन बुलाकर किसी तरह ऑटो को बाहर निकाला.

**सस्पेंस बरकरार**
परिजनों के अनुसार ऑटो में कन्हैया भी था जिसे उसके साथियों ने नहर में धक्का देखा गिरा दिया है उन्होंने कुछ लोगों पर उसकी हत्या करने का भी आरोप लगाया लेकिन पुलिस को नहर में शव नहीं मिला.

**इनका कहना है**
मामले की जांच की जा रही है जांच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा।
**गौरव बुंदेला, थाना प्रभारी**

# तिलकसिंदूर मेला 14 से 16 तक, रहेंगी पर्याप्त व्यवस्था



**नवभ्रारत न्यूज**
**इटारसी, 21 जनवरी** नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलक सिंदूर में आगामी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इटारसी से लगभग 18 किलोमीटर दूर पहाड़ी गुफा में विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए इस वर्ष 14 से 16 फरवरी तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए इटारसी एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने इस बार विशेष यातायात व्यवस्था की है। श्रद्धालु जमानी के रास्ते मंदिर पहुंच सकेंगे।

मंदिर से वापसी के लिए तिलक सिंदूर से खटामा, अमांडा और तीखड़ रोड का उपयोग किया जाएगा। एसडीएम नीलेश शर्मा ने निरीक्षण के दौरान मंदिर की पुताई, गार्डन की सफाई, बिजली की सुचारू व्यवस्था और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की व्यवस्था के लिए स्टॉप डैम में गेट लगाए जाएंगे।

पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण होगा। वाहनों के व्यवस्थित खड़ा करने के लिए अलग से पार्किंग जोन बनाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही, जिनमें तहसीलदार सुनीता साहनी, जनपद पंचायत केसला सीईओ सुमन खातरकर, एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, और थाना पथरोटा प्रभारी संजीव पवार शामिल थे। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी, बिजली विभाग पंचलाल सरयाम, पीएचई, स्वास्थ्य विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को भी उनकी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। मेला समिति की ओर से अध्यक्ष नारायण बाबरिया, जनपद सदस्य सुनील नागले, संतोष राजपूत, सुनील चीचाम, अभिषेक और करतल काजले सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

# मोहित चौधरी की मौत के न्याय की मांग हुई तेज

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 21 जनवरी** शहर की न्यास कॉलोनी खेड़ा बाईपास रोड पर 12 जनवरी की रात हुई मोहित चौधरी की संदिग्ध मौत के मामले में अब न्याय की मांग तेज हो गई है। बुधवार को कुर्मी यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला** - मृतक मोहित चौधरी लगभग 30 वर्ष, निवासी कांसखेड़ा, का शव 12 जनवरी 2026 की रात खून से लथपथ हालत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना को 10 दिन से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस की



कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निम्नलिखित बिंदु उठाए हैं। परिजनों का आरोप है कि मोहित के साथ लूटपाट और मारपीट की गई और फिर उसकी हत्या कर दी गई। समाज का कहना है कि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे महज एक दुर्घटना मान रही है, जबकि मृतक के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान और घटनास्थल की स्थिति किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। संगठन ने मांग की है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल की बारीकी से जांच की जाए। कुर्मी यूथ ब्रिगेड ने स्पष्ट किया है कि मामले की स्वतंत्र और गहन जांच की जाकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### हरदा में पहली बार होगा अंतर्राष्ट्रीय रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन

**हरदा** जिले में पहली बार एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वाधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्याति प्राप्त और रेटेड खिलाडी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। यह टूर्नामेंट कलेक्टर निवास के सामने, इंदौर रोड हरदा डिग्री कॉलेज में होगा, जिसमें देश-विदेश के खिलाडी हिस्सा लेंगे। उन्होने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बडी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। साथ ही खिलाडियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शतरंज के शौकीनों और खिलाडियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है, जहां वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। टूर्नामेंट में कुल 1,51,000 रुपये की इनामी राशि और ट्रॉफियां रखी गई है।

# माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव के दौरान ड्रोन उड़ाने पर रहेगा प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/21,जनवरी,2026** / माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव एवं नगर नर्मदापुरम गौरव दिवस महोत्सव, कार्यक्रम 24 एवं 25 जनवरी 2026 को आयोजित किया जायेगा है। उक्त कार्यक्रम नर्मदापुरम नगर के सेठानी घाट एवं अन्य घाटों पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव का मुख्य कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में नर्मदापुरम नगर के सेठानी घाट में प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम श्री राजीव रंजन पाण्डेय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अधीन प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 25 जनवरी 2026 को मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट के 1000 मीटर की परिधि में समाहित सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में आगमन के आधे घंटे पूर्व से लेकर उनके प्रस्थान के आधे घंटे बाद तक, किसी भी आकार, प्रकार एवं वजन के ड्रोन, पैराग्लाइडर, रिमोट नियंत्रक विमान, फ्लाइंग कैमरे, हेलीकेम, यू.ए.व्ही. इत्यादि का किसी भी ऊँचाई पर, किसी भी प्रयोजन एवं किसी भी उद्देश्य से उड़ाना एवं परिचालन करना अथवा करवाना पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/सगठन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि आदेश की तामिली हेतु स्थलों एवं पुलिस थानों में चस्पा किया जाए। राजीव रंजन पाण्डेय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश शासकीय कार्यों में उपयोग में लिये जा रहे ड्रोन/यू.ए.वी. पर लागू नहीं होगा।

## रामकथा में निकाली भगवान राम की बारात

**माखन नगर** - माखन नगर पटवारी लाइन साहू मोहल्ला में आयोजित नो दिवसीय राम कथा में कथा वाचक मानस मोहिनी संध्या तिवारी ने बुधवार को राम जानकी विवाह का प्रसंग सुनाया। वहीं आयोजन समिति द्वारा कथा पंडाल में राम विवाह की रस्में धूमधाम से निभाईं , भगवान राम की बारात ढोल बाजे के साथ निकाली गई।मंडप में मिथिला वासी बने भक्तों ने पुष्प वर्षा कर राम बारात का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी,पूर्व अध्यक्ष निकुंज लता गुरु उपाध्यक्ष राशिका डेरिया, पार्षद प्रिया मालवी, रुक्मणी साहू गणमान्य लोगों ने पांव पूजन कर आशीर्वाद लिया ।

# श्री कृष्ण बस्ती में 28 को हिंदू सम्मेलन का होगा आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 21 जनवरी** श्री कृष्ण बस्ती में आगामी 28 जनवरी, बुधवार को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ बुधवार को पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में विधिवत भूमिपूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान श्री पशुपतिनाथ जी को सम्मेलन का निमंत्रण पत्र अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात आयोजन से जुड़े आमंत्रण पत्रों का वितरण भी किया गया। भूमिपूजन एवं निमंत्रण कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन के सह संयोजक मनोज राय, नगर प्रचारक जितेंद्र सरयाम, नगर संयोजक मेजर डॉ. पीएम पहाड़िया, कार्यक्रम संयोजक मेहरबान सिंह चौहान, सह संयोजक ममता मालवीय, राजकुमार बाबरिया, शशांक मालवीय, बॉबी बस्तवार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम नगर संयोजक मेजर डॉ. पीएम पहाड़िया ने बताया कि पशुपतिनाथ धाम मंदिर परिसर में 28 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा के साथ होगी, कलश यात्रा पुराने जबलपुर गेट बंगलिया के पास स्थित मां दुर्गा, भगवान शंकर और हनुमान जी महाराज के मंदिर परिसर से होगी और कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजन स्थल पशुपतिनाथ धाम मंदिर परिसर पहुंचेगी। कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों ने सम्मेलन को सफल बनाने अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## मदिरा के अवैध विक्रय के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की।

जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा के खेडीपुरा, टंकी मोहल्ला व पीलियाखाल, ग्राम सुल्तानपुर, रोलगांव, धूपकरण, छोटीबेडी, चारूवा तथा वार्ड क्रमांक 6 खिरकिया में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 26 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 950 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1,00,200 रूपये है।

# पति की हत्या के आरोप में पत्नि को मिला आजीवन कारावास

**नवभारत न्यूज**
**पिपरिया** पति की हत्या करने वाली आरोपी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा न्यायालय ने सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक एवं एडीपीओ चौधरी विक्रमसिह ने बताया कि प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल के न्यायालय द्वारा आरोपी सविताबाई को धारा 302 भादवी में आजीवन कारावास व एक हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक एवं एडीपीओ चौधरी विक्रमसिंह द्वारा पेरवी की गई। मामले के बारे में बताया कि 1 मई 23 को फरियादी धनियाबाई ने मृतक के घर ग्राम बारीदेवी में रिपोर्ट लिखवाई थी कि उसकी देवरानी पडोस में चाचा ससुर के घर के आंगन में उनकी बहू के साथ बैठकर बाते कर रही थी सास सविताबाई उनके घर से लोहे का एक सब्बल लेकर भागती दिखी तो वह सास के पीछे दौडी और उनसे पूछा की कहा भाग रही हो तो सास उससे बोली की मेरे पीछे मत आ मैने अपना काम कर दिया और गांव की तरफ भाग गई फिर उसने घर में जाकर देखा तो कमरे में ससुर खून से लथपथ पड़े थे उनके सिर बहुत चोट लगकर खून निकल कर रहा था हिलढूल नही रहे थे। पति को फोन लगाकर सारी बात बताई,पति व देवर ने घर आकर देखा तो ससुर खत्म हो चुके थे। पुलिस थाने में अपराध कायम हुआ। न्यायालय में 17 अभियोजन साक्षियो के साक्ष्य कराये गये।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय भागवत कथा में हुए सम्मिलित




गोंडी समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा का आनंद लिया। तत्पश्चात् कारगिल में शहीद हुए शाहीद विजय मसकोले की समाधि पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 21 जनवरी** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार एवं अतुल तिवारी पुरानी इटारसी में स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में पहुंचे एवं एवं खेल का आनंद लिया। तत्पश्चात पुरानी इटारसी में कांग्रेस नेता अखिलेश पटेल चुन्ना भैया के निवास स्थान पर भंडारे में शामिल हुए तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने तवा नगर में आयोजित भागवत कथा में शामिल होकर कथा का आनंद लिया इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय अपने साथी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार अतुल तिवारी आकाश कुशराम एवं अनूप गांचले के साथ ग्राम सोन तलाई पहुंचे।

जहां पर गोंडी समाज द्वारा आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होकर कथा का आनंद लिया। तत्पश्चात कारगिल में शहीद हुए शाहीद विजय मसकोले की समाधि पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर रामपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश मालवीय सहित अनेक कांग्रेस जन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा दी गई ।

# शिविर लगाकर अधिकारी कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके और कर्मचारी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होकर बेहतर स्वास्थ्य का लाभ उठा सकें।

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 21 जनवरी** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति अंजली जोसेफ के निर्देश पर बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय हरदा सहित जनपद पंचायत हरदा व टिमरनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में चिकित्सा दल द्वारा जिला एवं जनपद पंचायत के लगभग 207 अधिकारी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की शुगर, बीपी, थायराईड आदि विभिन्न बिमारियों की जांच के लिये ब्लड सेंपल लिये गये तथा जांच के बाद दवाईयाँ एवं चिकित्सा परामर्ष दिया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में ठंड के मौसम को देखते हुये विगत समय में विभाग के एक उपयंत्री तथा ग्राम पंचायत सचिव के आकस्मिक निधन के कारण विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को निर्देषित किया गया था, जिससे विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके और कर्मचारी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होकर बेहतर स्वास्थ्य का लाभ उठा सकें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जोसेफ ने बताया कि समय-समय पर भविष्य में भी इस प्रकार के षिविर लगाकर अधिकारी एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जायेगा।

**माँ नर्मदा महोत्सव** | माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने ''निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को

# सतरंगी रंगों से सजे मां नर्मदा के सभी घाट, प्रवेश द्वार हुए तैयार

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/21,जनवरी,2026** / मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन नर्मदापुरम के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के अवसर पर पवित्र माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने के उद्देश्य से ''निर्झरणी महोत्सव'' का आयोजन किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत धरोहर है। उनके किनारों पर संस्कृतियाँ और परम्पराएं बसती हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी विरासत और संस्कृति के महत्व को जान और समझ सके, इसी विचार के साथ संस्कृति विभाग द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश में माँ नर्मदा के 11 पवित्र घाटों पर किया जा रहा है।निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत सेठानीघाट, नर्मदापुरम में 24 एवं 25 जनवरी, 2026 को सायं 6 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत 24 जनवरी को सुश्री श्वेता शर्मा एवं साथी, भोपाल द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्यनाटिका एवं श्री रवि त्रिपाठी एवं ग्रुप, मुम्बई द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में 25 जनवरी को श्री फूलसिंह माण्डरे एवं साथी, भोपाल द्वारा बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति दी जायेगी। वहीं, सुश्री माधवी मधुकर झा एवं साथी, मुम्बई द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। राजस्थान के धौलपुर पत्थरों से निर्मित नर्मदापुरम के नवीन प्रवेश द्वार का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 25 जनवरी को किया जाएगा। यह लोकार्पण मां नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम जिले के गौरव दिवस के अवसर पर प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोपाल तिराहे का सौंदर्यीकरण कार्य अंतिम चरण में है। इस सौंदर्यीकरण के अंतर्गत राजस्थान के धौलपुर पत्थरों का उपयोग कर सुंदर संरचना का निर्माण किया जा रहा है। तिराहे पर मां नर्मदा की लगभग 5 फीट की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, साथ ही 9 फीट ऊंचा त्रिशूल भी लगाया जाएगा। इस संरचना से नर्मदापुरम के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवेश को अलग पहचान प्राप्त होगी। शहर में तैयार किया जा रहा यह नवीन प्रवेश शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों के लिए मां नर्मदा की महिमा का बखान करता हुआ प्रतीत होगा। मां नर्मदा प्रकटोत्सव के दृष्टिगत शहर के समस्त घाटों पर साज-सज्जा एवं सफाई कार्य निरंतर जारी है। घाटों की दीवारों पर विभिन्न प्रकार की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कलाकृतियां उकेरी गई हैं। मुख्य कार्यक्रम स्थल सेठानी घाट पर आकर्षक रंग-रोगन का कार्य किया गया है, वहीं अन्य घाटों पर भी रंगाई-पुताई एवं चित्रकारी का कार्य प्रगति पर है। सतरंगी रंगों से सजे घाटों की सुंदरता और अधिक निखरकर सामने आ रही है।

## एसबीआई द्वारा किन्नर समाज के लिए साक्षरता कैम्प

**हरदा** खेडीपुरा हरदा में किन्नर समाज के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बुधवार को एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किन्नर समाज के लोगों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बैंकिंग धोखाधडी से बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में किन्नर समाज की मुखिया माही माँ, चाहत शर्मा सहित किन्नर समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता सलाहकार सुबोध कुमार जैन ने सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।